संख्या : 3459 /चार-2023

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0 प्र0 शासन।
2. पुलिस महानिदेशक, उ0 प्र0, लखनऊ।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0 प्र0 ।
4. समस्त जिलाधिकारी, उ0 प्र0 ।

संस्कृति अनुभाग   लखनऊ : दिनांक 05 अगस्त, 2023

विषय : आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 09 अगस्त, 2023 को पंच-प्रण की शपथ के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत "मेरी माटी, मेरा देश" एवं "हर घर तिरंगा अभियान" का सम्पूर्ण देश में उत्सवी ढंग से आयोजन किया जाना है। "मेरी माटी, मेरा देश" अभियान हेतु शासनादेश दिनांक 31 जुलाई, 2023 द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये जा चुके हैं।

2. इसी अनुक्रम में दिनांक 09 अगस्त, 2023 को समस्त ग्राम/ग्राम पंचायतों/नगर निकायों/ ब्लॉक/छावनी परिषदों/ सरकारी कार्यालयों/ विद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों/निगमों/ औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों/विद्यार्थियों/स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि को पंच-प्रण की शपथ दिलाई जानी है।

3. उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस अवसर पर ऊपर प्रस्तर में अंकित सभी वर्ग से पंच-प्रण शपथ लेते हुए भारत सरकार की वेबसाइट merimaatimeradesh.gov.in पर सेल्फी (सामूहिक/एकल) अपलोड कराने हेतु अपने स्तर से सभी संबंधित को निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें। इसे अपने कार्यालयों में भी दिनांक 09 अगस्त को सुनिश्चित करायें।

संलग्न : पंच-प्रण।

भवदीय

Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 05-08-2023 11:25:31
Reason: Approved

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि :

1— अपर मुख्य सचिव मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश।

2— स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

3— निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उल्लिखित अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

4— निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उत्सव धर्मितापूर्ण आयोजनों के अनूकूल कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाये व उन्हें मूर्तरूप दिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

5— गार्ड बुक।

05.08.23.

(अमर नाथ उपाध्याय)
विशेष सचिव

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश
Directorate of Technical Education Uttar Pradesh
विकास नगर, कानपुर–208002
Vikas Nagar, Kanpur-208002
वेबसाइट/website : http://upted.gov.in/directorate
दूरभाष/Phone: 2582084 • फैक्स/Fax: 2580965 • ई–मेल/email:directordteup@gmail.com

पृ0सं0 : 15489—15676/ई—प्रशा0सरकुलर, कानपुरःदिनांकः 05/08/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को शासन के पत्रांक–3459/चार–2023, दिनांक 05.08.2023 के अनुक्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को माननीय मंत्री महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु।
3. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, विधान भवन, लखनऊ।
4. निदेशक (कैम्प), प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
5. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
6. निदेशक, डा0 अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड, कानपुर।
7. वित्त नियंत्रक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
8. समस्त अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
9. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, झांसी/मध्यक्षेत्र, लखनऊ/पूर्वीक्षेत्र, वाराणसी/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला (मेरठ)।
10. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस निर्देश के साथ स्वयं के स्तर से समस्त निजी पालीटेकनिकों को चक्रीकृत करना सुनिश्चित करें।
11. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
12. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय/अनुदानित प्राविधिक शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश।
13. समस्त अनुभाग प्रभारी/कर्मचारी, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर।

(कमलेश मणि)
सहायक निदेशक,
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।

संलग्नक

अमृत काल के पंचप्रण

1- विकसित भारत का लक्ष्य

2- गुलामी के हर अंश से मुक्ति

3- अपनी विरासत पर गर्व

4- एकता और एकजुटता

5- नागरिकों में कर्त्तव्य की भावना

"मैं शपथ लेता हूँ कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करूंगा।

मैं शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा।

मैं शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा,सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूँगा।"